**वारदात** ▶ माधवनगर थाना क्षेत्र में वारदात से फैली सनसनी, पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

# तीन हमलावरों ने चाकू मारकर की युवक हत्या





**नवभारत कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत राबर्ट कॉलोनी क्षेत्र में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात तीन युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या की वारदात की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आरोपियों को स्लीमनाबाद के पास से गिरफ्तार कर लिया है। युवक को चाकू मारने की वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, सीसीटीवी कैमरे में एक युवक से तीन युवक मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र निवासी गागा उर्फ गगन पिता कालू राम बजाज से अभय दुबे, साहित वाडवानी और आशीष तिवारी ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए गगन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस ने हमला करने वाले तीनों युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है। वहीं इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक परिजन उसका शव लेकर एसपी पहुंचे। मृतक गगन की बहन नेहा

जिंगललनी ने आरोप लगाया कि अजय लालवानी के परिवार और उनके परिवार के बीच पुरानी रंजिश है, शनिवार देर रात भाई गगन दुर्गा विसर्जन कर घर वापस आ रहा था। इस दौरान अजय लालवानी के घर में शराब पार्टी हो रही थी। वहां बैठे आरोपियों ने उसके भाई को रोका और धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

परिजनों ने अजय लालवानी को इस मामले का मुख्य आरोपी होने का आरोप लगाया है और अजय लालवानी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मृतक के परिजनों के आरोपों के आधार पर पुलिस ने अजय लालवानी से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना में जो भी तथ्य और साक्ष्य सामने आएंगे उसके आधार पर निष्पक्ष, पारदर्शी और विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा और किसी भी निर्दोष को पकड़ा नहीं जाएगा। वहीं इस चाकू बाजी को लेकर शहर में दहशत का महौल है, चाकूबाजी की वारदातें बढ़ने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।



## आरोपियों का निकाला जुलूस, लगवाई उठक-बैठक

▶ आर्मी जवान से मारपीट करने वालों को पुलिस ने पकड़ा

**नवभारत कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत झिंझरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक ढाबे में आर्मी जवान और एक अन्य युवक से मारपीट करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों पैदल क्षेत्र में घूमाने के साथ ही उनसे उठक-बैठक भी लगवाई है। पुलिस ने बताया कि झिंझरी पुलिस चौकी अंतर्गत गनियारी गांव निवासी आर्मी जवान शरद तिवारी और वीरेन्द्र सराफ 21 सितंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे को को झिंझरी क्षेत्र स्थित हीरा ढाबे गए थे। जहां पर आधा दर्जन अज्ञात युवकों ने आमी जवान शरद तिवारी और वीरेन्द्र सराफ के साथ विवाद करते हुए मारपीट की थी। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था।

पुलिस ने इस ममाले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने इसी मामले में आरोपियों की पहचान करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद न सिर्फ उन्हें पैदल क्षेत्र में घूमाया, बल्कि आरोपियों से उठक-बैठक भी लगवाई। मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के आधारकाप निवासी विवेक पिता ओमप्रकाश तिवारी (27), चांडक चौक निवासी प्रियाशु पिता राजेन्द्र रजक (25), आधारकॉप निवासी शुभम उर्फ सुम्मी पिता राकेश दुबे (22), हर्ष पिता बालकृष्ण तोमर (24), राहुल पिता दीनदयाल रजक (28) और नितीन पिता कन्हैयालाल निषाद (19) का नाम शामिल है।

आरोपियों को पकड़ने में झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रियंका राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक पंकज त्रिपाठी, आरक्षक अजय सिंह, आरक्षक चंद्रकमल पांडेय की भूमिका रही।

### एक नजर में

#### 6 महीने तक थाने में उपस्थिति देगा आदतन अपराधी

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने प्रेमनगर निवासी निखिल पिता मुन्नी लाल विश्वकर्मा (23) के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। प्रतिवेदन के अनुसार निखिल के विरूद्ध थाना एनकेजे में वर्ष 2019 से अब तक 7 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें गाली-गलौज करना, जातिगत अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना और जुआ जैसे अपराध शामिल है। निखिल स्वयं और अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट, गाली गलौज कर, जातिगत शब्दों से अपमानित करना व मारपीट कर चोट पहुंचाने जैसे घटनाओं को अंजाम देता चला आ रहा था। पुलिस द्वारा निखिल के खिलाफ कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। लेकिन आदतन अपराधी की गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ। निखिल विश्वकर्मा द्वारा आपराधिक गतिविधियां लगातार जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक हर माह पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

#### जिले में अब तक 1162 मिमी बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 5 अक्टूबर तक 1162.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हुई है।

## राहगीरों को बका दिखाकर डरा रहा युवक गिरफ्तार

▶ बिलहरी पुलिस चौकी ने करहिया मोड़ के पास से पकड़ा



**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र के करहिया गांव मोड़ के पास बका दिखाकर राहगीरों को डरा रहे एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने बका जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि चार अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि करहिया मोड़ के पास एक युवक बका दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने बका लिए युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से धारदार बका भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़ा गया आरोपी बिलहरी चौकी क्षेत्र के मढ़िया निवासी वीरेन्द्र उर्फ भक्का पिता रज्जू सिंह ठाकुर (30) है। आरोपी को पकड़ने में बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडेय और उनकी टीम की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन और कुठला थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई है।

## दुकानों में मिली क्लोरफेनिरामाइन और फिनाइलेफरिन एफडीसी की दवाएं

▶ औषधि निरीक्षकों की टीम ने की दवा दुकानों की जांच



**नवभारत,कटनी।** छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण बच्चों की हुई दुखद मृत्यु के बाद कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के क्रय, विक्रय,संधारण और वितरण को पूर्णतः प्रतिबंधित करते हुए औषधि निरीक्षक और फार्मासिस्टों को केमिस्टों और दवा दुकानों की जांच कर कोल्ड्रिफ कफ सिरप को जप्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश के पालन में दवा दुकानों की जांच में कोल्ड्रिफ कफ सिरप नहीं पाई गई। औषधि निरीक्षक मनीषा धुर्वे ने बताया कि जांच के समय क्लोरफेनिरामाइन और फिनाइलेफरिन एफडीसी की अन्य दवाईयां पाई गई है। एहतियातन इनका क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया और इन फिक्स डोज कंबिनेशन की दवाईयां तत्काल कंपनियों को वापस करने के लिए निर्देशित किया गया। औषधि नियंत्रक भोपाल द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार दवा विक्रेताओं को बताया गया गया कि एफडीसी 4 वर्ष से कम आयु के बच्चों में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में इन दवाइयों का विक्रय रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टीशनर के पर्चे के बिना नहीं किया जाए। सभी दवा विक्रेताओं को दवा विक्रेता संघ केमिस्ट और ड्रगिस्ट एसोशिएशन के माध्यम से पत्र जारी कर अवगत कराने कहा गया है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार रविवार को औषधि निरीक्षक मनीषा धुर्वे और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय औषधि भंडार में पदस्थ फार्मासिस्ट प्रियंका यादव और दीपक यादव के साथ कोल्ड्रिफ कफ सिरप के संबंध में जिला अस्पताल के सामने स्थित शर्मा मेडिकोज, गोपाल मेडिकल स्टोर्स, एमजीएम हॉस्पिटल स्थित मेडिकल स्टोर, खिरहनी स्थित कन्हैया मेडिकोज, अभिषेक केमिस्ट, हिंद मेडिकोल, चांडक चौक स्थित न्यू कुशवाहा मेडिकल स्टोर्स, दुर्गा मेडिकोज की जांच की गई। जांच के समय दुकान में कोल्ड्रिफ कफ सिरप मेसर्स श्रीसन फार्मास्युटिकल नहीं पाई गई।

## दशहरा चल समारोह और विसर्जन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

▶ मां जगत जननी से श्रद्धालुओं ने की क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना



**नवभारत उमरियापान।** आस्था, भक्ति और उत्साह के साथ उमरियापान नगर सहित ग्रामीण अंचलों में असत्य पर सत्य का विजय पर्व विजयादशमी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा पंडालों में विधिवत मां भगवती का पूजन अर्चना कर नगर के मुख्य मार्गों से चल समारोह निकाला गया। उमरियापान नगर में 15 दुर्गा प्रतिमाएं का चल समारोह निकला जिसमें सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति कटरा बाजार, आजाद चौंक, नई बस्ती, न्यू बस स्टैंड, झंडा चौक, बड़ी माई दुर्गा उत्सव समिति, चंडी माता, मचखंडा मुहल्ला, ब्यौहार मोहल्ला, नाहर मुहल्ला आदि दुर्गा पंडालों में विराजमान मां जगदम्बा का चल समारोह नगर के झंडा चौक, न्यू बस स्टैंड, कुदवारी मुहल्ला, आजाद चौंक, बरातरे मुहल्ला से संन्यासी बाबा मंदिर, अथैया मुहल्ला, बड़ी माई मंदिर, सोनी मुहल्ला, कटरा बाजार प्रतिमाएं शामिल रहीं। उमरियापान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब दशहरा चल समारोह देखने उमड़ा। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालू डीजे बैंड बाजों की धुन में भक्ति गीतों पर झूमते हुए मातारानी को विदाई देने पहुंचे।

नगर के विभिन्न तालाबों में मातारानी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भक्तों ने मां जगदम्बा से क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करते हुए विसर्जन किया। दशहरा चल समारोह और विसर्जन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी की भूमिका सराहनीय रही। दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार प्रतिदिन दुर्गा पंडालों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था के बनाए रखने के लिए पुलिस बल की टीम तैनात की थी।



## सुरक्षा व्यवस्था की सराहना, पुलिस का किया सम्मान

▶ दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने भेंट किया शॉल-श्रीफल

**नवभारत, उमरियापान।** शारदेय नवरात्र पर्व के दौरान उमरियापान सहित ग्रामीण अंचलों में उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी द्वारा किए गए सुरक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए आजाद दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी दिनेश तिवारी, पुलिस स्टाफ को चुनरी और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आजाद चौक दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुजीत बाजपेई, उपाध्यक्ष रजनी कान्त झारिया , अनिल नामदेव, पूरन सोनी, मनोज, सोनी , राजू, काछी, हरिओम असाटी, आशीष पटेल, कुलदीप तिवारी, अजीत पांडे, रिंकल सोनी, सत्ते चौरसिया, राकेश असाटी सहित समिति के पदाधिकारी सहित मौजूद रहे।

## कलेक्टर-एसपी ने किया प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण

▶ राज्यपाल के आगमन को लेकर व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा



**नवभारत कटनी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने रविवार को स्लीमनाबाद पहुंच कर व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया, एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, सीएमएचओ डा राज सिंह ठाकुर, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, कार्यपालन यंत्री एनव्हीडीए सहज श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि डॉ रामनाथ पटेल, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन व्हीए सिद्दिकी, अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी, जनपद पंचायत सीईओ बहोरीबंद, स्लीमनाबाद एसडीओपी सहित थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी -कर्मचारी मौजूद रहे।

## समितियों के साथ प्रशासनिक तालमेल से सफल हुआ चल समारोह

▶ दशहरा महोत्सव आयोजन समिति ने जताया आभार



**नवभारत, कटनी।** दशहरा महोत्सव समिति की ओर से दशहरा चल समारोह को भव्य रूप देने और गौरव गरिमा के साथ मनाएं जाने के प्रयास किए गए। महोत्सव समिति कटनी शहर की प्रमुख दुर्गा समितियों को एकजुट करने में सफल रही है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दशहरा चल समारोह ठीक सात बजे पुजारी जी के द्वारा महाआरती कर श्री बजरंगबली मंदिर से शुरू कर दिया। दशहरा महोत्सव समिति के प्रयासों का ही परिणाम रहा कि प्रतिमाओं के क्रम को लेकर या रामलीला कमेटी के बीच सद्भाव के वातावरण में दशहरे की शुरुआत हुई। छुटपुट कारणों और बारिश के कारण दशहरे में देरी हुई। लेकिन समितियों के उत्साह और उमंग को बारिश भी डिगा नहीं सकी। दशहरा के एक माह पूर्व से दशहरा महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा दुर्गा समितियों के साथ प्रशासनिक तालमेल और सामंजस्य से रूपरेखा तैयार की गई थी जिसमें काफी हद तक समिति अपने उद्देश्यों में सफल रही है। बहुत सी विसंगतियों और कमियों में धीरे-धीरे सुधार संभव है।

कटनी दशहरा महोत्सव समिति उन सभी दुर्गोत्सव समितियों का जो चल समारोह में शामिल हुई साथ ही जिला, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग, नगर निगम, विसर्जन कुंड के अधिकारी-कर्मचारियों, सफाई कर्मियों, निर्णायक मंडल, संचालन समिति का दशहरा महोत्सव आयोजन समिति आभारी है। आप सभी के सहयोग से ही यह ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह सफलतापूर्वक निर्विघ्न तरीके से संपन्न हो सका।

**बैठक** ▶ कलेक्टर ने की नगरीय विकास परियोजनाओं की समीक्षा, सीवर कार्य को जल्द पूरा कराने के निर्देश

# अधिक से अधिक मशीनरी लगाएं, मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य जल्द पूरा कराएं



**नवभारत,कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम अंतर्गत अमृत 1.0 योजना के तहत सीवरेज एंड सेप्टेज प्रोजेक्ट अंतर्गत अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वाटर बॉडी रिजुविनेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 स्वच्छ भारत अभियान सहित नगरीय निकायों के माध्यम से संचालित होने वाली शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा कर विकास योजनाओं के परिणाम आधारित कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि अमृत योजनांतर्गत सीवर लाइन बिछाने के कार्य, एसटीपी निर्माण कार्य में तेजी लाएं। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि एसटीपी- 1 माधवनगर का कार्य अगले माह नवंबर अंत तक पूरा कर लिया जाएगा और ट्रायल रन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जबकि एसटीपी- 2 कटाएघाट और एसटीपी 3 कुठला का कार्य जल्द पूरा कराते हुए योजना को मार्च 2026 तक पूरा कराए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में बताया गया कि अमृत 2.0 योजनान्तर्गत कटनी नदी पर मोहन घाट में नदी के दोनों ओर 150-150 मीटर लम्बाई में, मसुरहा घाट में नदी के दोनों ओर 180-180 मीटर लम्बाई में वाटर बॉडी रेजुवनेशन का कार्य 1.83 करोड़ रूपए की लागत से कराया जा रहा है, जो कि लगभग 93 प्रतिशत पूरा हो गया है। कलेक्टर को बताया गया कि अमृत 2.0 के अन्तर्गत वाटर सप्लाई और सीवर प्रोजेक्ट के लिए संविदाकार द्वारा सर्वे, ड्राइंग डिजाइन का कार्य किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर ने कार्य को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के लिए वाटर की उपलब्धता के संबंध में जानकारी मांगी। जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि कटनी शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए एनव्हीडीए के माध्यम से बरगी व्यपवर्तन योजनान्तर्गत बरगी दायीं तट नहर से 0.666 क्यूमेक पानी कटनी नदी बैराज में छोड़ा जाना प्रस्तावित है, जो कि निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल के पूरा होने के बाद प्राप्त होगा। बैठक में कलेक्टर ने इन सभी प्रगतिरत कार्यों में गति लाकर जल्द पूरा कराने, घरों को सीवर लाइन से जोड़ने, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का जल्द संचालन संधारण संविदाकार से प्रारंभ कराए जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नगर में चल रहे सीवर लाईन विस्तार कार्य में मैन पावर और मशीनों की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा मापदंडों का विशेष ध्यान रखकर कार्य को जल्द पूरा किया जाए। बैठक के दौरान अमृत 2.0 प्राजेक्ट के अंतर्गत मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रिज्युविनेशन कार्य के अंतर्गत 1.08 करोड़ की लागत से कराए जाने, बैंक डेवलपमेंट और स्टोन पिचिंग सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई।

## वाहन से एकत्रित की जा रही पूजन सामग्री



**नवभारत कटनी।** नगर निगम का पूजन सामग्री संग्रहण वाहन प्रतिदिन शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर निःशुल्क सेवाएं दे रहा है। इस वाहन के माध्यम से मंदिरों में एकत्रित पूजन सामग्री को पर्यावरण हित में एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देशन में संचालित यह सेवा नगर के धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024